मूल्य: एक रूपया

इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–8, अंक–4, जून 2008

किसी भी ट्रेड संबंधित जानकारी हेतु कृपया KAM टाइप कर 57333 पर एसएमएस करें।

# कामधेनु की ग्लोबल यात्रा का शुभारम्भ नेपाल से

कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज भारतीय बाज़ार में उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का उत्पादन तथा वितरण करने वाली एक प्रसिद्ध कम्पनी है। इसके अतिरिक्त कामधेनु अब नेपाल बाज़ार में उतरकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाने के लिए भी कमर कस चुकी है।

कामधेनु समूह का यह "प्रथम विदेशी उद्यम" कार्यक्रम 20 जून को काठमांडू में "याक एंड येति" होटल में आधिकारिक रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नेपाल मंत्रालय से कई प्रतिनिधि भी मौजूद थे। यह विदेशी उद्यम कामधेनु इस्पात लिमिटेड (भारत) तथा मारुति नंदन रोलिंग मिल्स प्रा. लिमिटेड (काठमांडू) की परस्पर सहभागिता पर आधारित है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड से श्री सतीश अग्रवाल, सीएमडी, श्री सुनील अग्रवाल, निदेशक, श्री अनिल टंडन, वीपी, मार्केटिंग, श्री एस वी शर्मा, एसजीएम तथा श्री वी के श्रीवास्तव, जीएम ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

समूचे कार्यक्रम सूची के अनुसार लॉन्च समारोह के साथ साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस, स्थानीय आधार पर डीलर मीट और आर्किटेक्ट मीट भी हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ हुआ जिसमें करीब 80 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उसके तुरन्त बाद अलग अलग स्थानीय आधार पर डीलर मीट हुई जो करीब 2 घंटे चली और उसमें 120 मुख्य लोगों ने भाग लिया। थोड़े अंतराल के बाद आर्किटेक्ट मीट भी हुई और उसमें भी करीब 80 लोग उपस्थित थे। इसके बाद उत्पाद लॉन्च समारोह हुआ जिसमें करीब 400 लोगों ने भाग लिया।

भारत के साथ साथ नेपाल में भी निर्माण क्षेत्र में वृद्धि की दर काफी अधिक है। ऐसे में नेपाल में विकास के अच्छे अवसर हैं। कम्पनी के उद्देश्यों व सिद्धान्तों के बारे में बात करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने बताया, "हम सार्क देशों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं क्योंकि वहाँ विकास और वृद्धि के अवसर काफी बेहतर हैं। इन देशों में निर्माण के लिए उच्च गुणवत्ता के उत्पादों की आवश्यकता है। यह विदेशी उद्यम काफी सोच समझ के उठाया गया नैतिक कदम है और हम नई व्यापार दिशाओं से रूबरू हो रहे हैं। निर्माण जगत में आई विश्व क्रान्ति के सकारात्मक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हम अपनी पहुँच का दायरा भी बढ़ा रहे हैं।"




प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल




"प्रथम विदेशी उद्यम" कार्यक्रम के दौरान दाएँ से बाएँ मारुति नंदन रोलिंग मिल्स प्रा. लिमिटेड के चेयरमैन श्री जीवन कुमार अग्रवाल, कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, मारुति नंदन के प्रबंध निदेशक श्री अशोक वैद्य एवं कामधेनु इस्पात के वीपी श्री अनिल टंडन

समारोह में डीलर मीट को आयोजित करने का कार्यभार संभाला कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीनियर जी एम श्री एस बी

शेष पृष्ठ 4 पर

# कामधेनु प्लाईवुड ने गुर्जन क्लब रेंज बाज़ार में उतारी




गुर्जन क्लब रेंज के उद्घाटन समारोह पर श्री गौरव गुप्ता (सी एन्ड एफ, पंजाब), श्री सुनील कपूर (डिस्ट्रीब्यूटर, चंडीगढ़), श्री सुखदीप सेठी, श्री अवनीश कुमार (मार्केटिंग एक्ज़ीक्यूटिव–स्टील), श्री योगेश्वर सिंह (एरिया सेल्स मैनेजर–पेंट्स) एवं श्री विजय शुक्ला

कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज भारत के घर–घर में जाना पहचाना नाम है। सिर्फ निर्माण ही नहीं, बल्कि हाउसिंग के क्षेत्र से जुड़े वर्गों में भी कामधेनु ने अपनी ठोस पहचान बनाई है। और अब कामधेनु प्लाईवुड भारतीय बाज़ार में "गुर्जन क्लब रेंज" के साथ उपस्थित है।

चंडीगढ़ में कामधेनु के अधिकृत विक्रेता श्री भाग सिंह की इकाई मैसर्स शील एजेंसी के शुभारंभ के अवसर पर इस उत्पाद को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। गुर्जन क्लब रेंज का उद्घाटन आदरणीय राज्य वित्त मन्त्री श्री पवन कुमार बंसल ने किया। अपने लॉन्च के 6 माह के भीतर ही कामधेनु प्लाईवुड ने जबरदस्त वृद्धि दिखाकर इन्डस्ट्री में झंडे गाड़ दिए हैं। 200 घंटे की बीडब्ल्यूपी गारंटी वाले क्लब रेंज का यह उत्पाद आज के प्रतिस्पर्धा से भरे बाज़ार में अवश्य ही अच्छे परिणाम देगा। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल और प्लाईवुड डिवीज़न से श्री अनुज गर्ग ने इस कार्यक्रम का आयोजन कराने में पूरा सहयोग दिया।

स्टील, पीवीसी पाइप्स, प्लाईवुड, पेंट्स आदि कामधेनु के विभिन्न वर्गो के उत्पादों को समारोह में आये 300 से भी ज़्यादा आर्किटेक्ट्स, कॉन्ट्रेक्टर्स और बिल्डर्स ने सराहा। इस कार्यक्रम में श्री गौरव गुप्ता (सी एन्ड एफ– पंजाब), श्री सुनील कपूर (डिस्ट्रीब्यूटर– चंडीगढ़), श्री सुखदीप सेठी, श्री अवनीश कुमार (मार्केटिंग एक्ज़ीक्यूटिव– स्टील), श्री योगेश्वर सिंह (एरिया सेल्स मैनेजर– पेन्ट्स) और श्री विजय शुक्ला ने सक्रिय रूप से भाग लिया। श्री गौरव गुप्ता, श्री सुनील कपूर एवं श्री सुखदीप सेठी ने उन समस्त आर्किटेक्ट्स और कॉन्ट्रेक्टर्स से वार्ता की जिन्होंने कामधेनु के उत्पादों को उच्चतम गुणवत्ता का बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

# अब मध्यप्रदेश में भी कामधेनु सक्रिय

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में व्यापार में वृद्धि लाने तथा अधिक से अधिक सम्भावनाओं को तलाशने हेतु कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपनी नीतियों में फ्रैंचाइज़ी मॉडल को सम्मिलित किया है। इससे कम्पनी की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता तथा गतिशीलता सकारात्मक रूप से बढ़ रही है। उत्तर भारत में फ्रैंचाइज़ी आधार पर अपना नेटवर्क विशाल रूप से बढ़ाने के बाद कामधेनु इस्पात लिमिटेड बहुत सक्रियता से केंद्रीय भारत में अपना सिक्का जमाने की दिशा में कार्यरत है। मध्य प्रदेश में स्थित कामधेनु इस्पात लिमिटेड की फ्रैंचाइज़ी इकाई, मैसर्स सरन इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, अब पूर्णतया सक्रिय है।

भोपाल (मध्यप्रदेश) के मण्डीदीप इन्डस्ट्रियल एरिया में स्थित मैसर्स सरन इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में अपना पहला ऑर्डर सफलतापूर्वक डिस्पैच किया। इस इकाई से प्रथम ऑर्डर के डिस्पैच के अवसर पर सरन इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक श्री अमृतपाल सिंह, निदेशक श्री कृपाल सिंह, कामधेनु इस्पात लिमिटेड क्वालिटी के सीनियर मैनेजर श्री योगेश वर्मा एवं श्री देवाशीष घोष उपस्थित थे। आज यदि कामधेनु के उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध तमाम अन्य ब्रान्ड उत्पादों पर भारी पड़ रहे हैं, और उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को संतुष्ट कर रहे हैं, तो उसका मुख्य कारण है कामधेनु की केंद्रित क्वालिटी और मार्केटिंग नीतियाँ।



प्रथम डिस्पैच के अवसर पर दाएँ से बाएँ– श्री अमृतपाल सिंह, एमडी, श्री कृपाल सिंह, निदेशक, सरन इस्पात प्रा. लि., श्री योगेश वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, क्वालिटी, कामधेनु एवं श्री देवाशीष घोष

यह इकाई सम्पूर्ण मध्य प्रदेश को कवर करती है और इसकी सालाना उत्पादन क्षमता लगभग 96,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है। सरन इस्पात प्राइवेट लिमिटेड इस पूरे क्षेत्र में कामधेनु के उत्पादों का वितरण करती है। श्री अमृतपाल सिंह ने इस प्रथम ऑर्डर के डिस्पैच के अवसर पर कहा, "कामधेनु अपने उत्पादों की पहुँच का दायरा बढ़ाने की दिशा में प्रयत्नरत है। इस इकाई की मदद से हम अपने उत्पादों को सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में फैले अपने उपभोक्ताओं तक आसानी से पहुँचा सकते हैं।"

# उदयपुर में कामधेनु की पकड़ मज़बूत




**राजस्थान में डीलर मीट को सम्बोधित करते कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, साथ में हैं सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल, श्री सचिन अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य अतिथि**

इस्पात क्षेत्र में आई क्रान्ति को एक सकारात्मक पहलू के तौर पर लेते हुए कम्पनी देश के तमाम भागों में अपनी पकड़ मज़बूत करने में जुटी है। उदयपुर में कामधेनु की डीलर मीट 31 मई को होटल इंडिया इन्टरनेशनल में हुई।

इस डीलर मीट के अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल उपस्थित थे। श्री सतीश अग्रवाल ने सभी डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर भाइयों का स्वागत करते हुए कहा, "राजस्थान आज कामधेनु के व्यवसाय का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है और इस केंद्र से कम्पनी को हमेशा से ही वृद्धि और विकास के नए अवसर प्राप्त हुए हैं। नई नीतियों पर योजनात्मक तरीके से कार्य करने के कारण ही आज हम निर्माण जगत की प्रतिस्पर्धा में अपनी काबलियत को सबके समक्ष लाने में सफल हुए हैं।" कामधेनु ने गत वर्ष अपनी विकासोन्मुख नीतियों के तहत देश के बाहर अपने उत्पादों को आगे बढ़ाया है। अपने फ्रैंचाइज़ी मॉडल के अन्तर्गत कम्पनी का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी स्थिति को सुदृढ़ बनाना है।

निदेशक श्री सचिन अग्रवाल ने तकनीकी और गुणवत्ता के मानकों पर सभा को सम्बोधित करते हुए कहा, "कामधेनु ने सदा क्वालिटी पर ध्यान दिया है। अपनी विशिष्ट गुणवत्ता की वजह से ही आज हम देश में अपनी एक पहचान बना पाए हैं। राजस्थान हमारी सफलता की कहानी स्वयं बयाँ करता है।" राजस्थान में उपभोक्ताओं के मध्य मजबूत होती कम्पनी की पहचान और मार्केटिंग दृष्टि से दिए गए अपने भाषण में निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "आज कामधेनु के पास डीलरों व डिस्टीब्यूटरों का विशाल नेटवर्क है। घरेलू बाजार में भी आधुनिकता की तर्ज पर हम अपनी नीतियों में समय समय पर बदलाव लाते रहते हैं। कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपनी नवीन दृष्टि और गतिशील विकास से जगह जगह फ्रैंचाइज़ी इकाइयाँ स्थापित कर ऊँची कामयाबी हासिल की है।"

कम्पनी के उत्पाद तमाम हाउसिंग प्रोजेक्ट्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेन्ट, व्यापारिक और रिहायशी इलाकों मे आई क्रांति अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

कामधेनु प्लाईवुड के क्षेत्र में अपना स्थान बना चुका है। कामधेनु प्लाईवुड दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात और आन्ध्रप्रदेश के बाज़ारों में उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा कामधेनु पेन्ट्स भी जल्द ही बाज़ार में नजर आएगा। और नेपाल में अपने पाँव रखकर कामधेनु अपनी अंतर्राष्ट्रीय यात्रा का शुभारंभ भी कर चुका है।

# मुद्रास्फीति की तेज़ रफ्तार



देश में महंगाई की दर जिस रफ्तार से बढ़ रही है, उससे फिलहाल आने वाले कई महीनों तक जनता को राहत नसीब होने की उम्मीद तो कतई नहीं की जा सकती। तमाम प्रख्यात अर्थशास्त्री कहते रहे कि वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति के ग्राफ गिरने की उम्मीद की जा सकती है, और तब तक यह दर 8 से 9 फीसदी के बीच ही घूमती रहेगी। पर ये सारे दावे खोखले तब नज़र आए जब मुद्रास्फीति की दर दहाई का आँकड़ा पार कर 11.2 फीसदी से भी आगे निकल गई।

अर्थशास्त्रियों के अनुसार वर्तमान समय में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई पिछले 7 वर्षों में सबसे ज़्यादा है और इस महंगाई को रोकने के लिए आरबीआई ने भी हर संभव प्रयास किया है। लेकिन सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के सचिव प्रणव सेन के अनुसार मुद्रास्फीति की यह दर अधिक दिन नहीं टिकेगी।

विगत 31 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान ही महंगाई की दर 8.75 फीसदी तक पहुँच चुकी थी। इससे पहले 28 अगस्त 2004 को महंगाई की दर 8.33 फीसदी रिकॉर्ड की गई थी। अब जबकि रेपो रेट 7.75 प्रतिशत से बढ़कर 8 प्रतिशत हो गया है, बैंक भी ब्याज दर बढ़ा रहे हैं। महंगाई दर बढ़ेगी तो उपभोक्ताओं के लिए ऋण भी महंगे होंगे। मुद्रा प्रवाह को रोकने का मूल ध्येय मांग में कमी लाना है, क्योंकि मांग बढ़ेगी तो महंगाई बढ़ेगी।

# कामधेनु के डीलरों को सम्मानित किया गया



गुड़गाँव में सम्पन्न हुए बेस्ट अचीवर समारोह के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सुनील अग्रवाल व सचिन अग्रवाल, जीएम श्री राजीव शर्मा, श्री मनोज शर्मा एवं श्री सुशील भारद्वाज, श्री राजीव गर्ग (जीजी ट्रेडर्स, नरेला), श्री अजय कुमार (वितरक, लोनी रोड, गाज़ियाबाद), श्री मोहन गोगिया (गोगिया आयरन, कालकाजी), श्री चन्द्र गुलशन चावला (चावला स्टील, तुगलकाबाद), श्री अग्रवाल (अग्रवाल ट्रेडर्स, बहादुरगढ़) एवं श्री जितेन्द्र जी (रवि आयरन, बहादुरगढ़)

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने फ्रैंचाइज़ी मॉडल अपनाकर और निर्माण क्षेत्र के बाद कई अन्य उत्पाद वर्गों में अपने कदम जमाकर पूरे इस्पात उघोग में एक नई प्रवृति की शुरुआत की है। कामधेनु अब महज़ एक उत्पाद नहीं रहा है, बल्कि एक सर्वभौमिक ब्रान्ड में तब्दील हो चुका है। 11 जून 2008 को कामधेनु इस्पात लिमिटेड द्वारा अपने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स में से "बैस्ट अचीवर्स ऑफ दि मंथ" को सम्मानित किया गया।

इस समारोह में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक श्री सुनील अग्रवाल और श्री सचिन अग्रवाल के साथ साथ कामधेनु के कई प्रख्यात डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स उपस्थित थे। श्री राजीव गर्ग (जी जी ट्रेडर्स, नरेला), श्री अजय कुमार (लोनी रोड, गाज़ियाबाद), श्री मोहन गोगिया (गोगिया आयरन, कालकाजी), चन्द्र गुलशन चावला (चावला स्टील, तुगलकाबाद), श्री अग्रवाल जी (अग्रवाल ट्रेडर्स, बहादुरगढ़), श्री जितेन्द्र जी (रवि आयरन, बहादुरगढ़), श्री राजीव शर्मा, श्री सुशील भारद्वाज और श्री मनोज शर्मा जी ने इस अवसर पर सक्रिय रूप से भाग लिया।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने बताया, "निर्माण जगत में ऊँचाइयाँ हासिल करने के बाद हमने प्लाईवुड के क्षेत्र में कदम रखा। जल्द ही हम पेन्ट सेग्मेंट में भी उतरने जा रहे हैं। विदेशी उद्यम स्थापित करने के लिए भी हम सुनिश्चित योजनाएँ बना रहे हैं, व्यावसायिक संबंधों को बरकरार रखे हुए हैं और नए विचारों का अनुसरण कर रहे हैं। निश्चित रूप से भविष्य में हम कम्पनी के लिए ऊँचे मापदंड स्थापित करेंगे।" सम्मेलन में मौजूद लोगों ने श्री सतीश जी व अन्य अधिकारियों से नए उत्पादों के बारे में कई अहम सवाल किए जिनके संतुष्टिपूर्वक जवाब दिए गए। उपस्थित लोगों ने समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन पर ज़ोर दिया।

पृष्ठ 1 का शेष

शर्मा तथा जीएम श्री वी के श्रीवास्तव ने। श्री सतीश अग्रवाल, सीएमडी, श्री सुनील अग्रवाल, निदेशक और श्री अनिल टंडन, वीपी, मार्केटिंग ने आर्किटेक्ट मीट को एक नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि, "इस इकाई के माध्यम से हम नेपाल में तेज़ी से बढ़ते निर्माण जगत में अपने उत्पाद पहुँचाएँगे। इस परस्पर सहभागिता के आधार पर हम नेपाल के निर्माण जगत में नए मापदंड स्थापित करने के लिए तैयार हैं।" इस विदेशी उद्यम के तहत कामधेनु नेपाल में टीएमटी सरिया के उत्पादन और विपणन के लिए ज़रूरी तकनीक और अन्य सहायता उपलब्ध कराएगी। इस समय नेपाल में इस्पात की खपत पाँच लाख मीट्रिक टन प्रतिवर्ष से भी ज़्यादा है। इसमें से टीएमटी की खपत लगभग तीन लाख मीट्रिक टन है।

मारुति नंदन स्टील रोलिंग मिल्स प्रा. लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अशोक वैद्य ने कहा, "कामधेनु से मिली तकनीक और अन्य सहायता से कंपनी नेपाल के लोगों को उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कामधेनु टीएमटी सरिया उपलब्ध कराएगी।"

कामधेनु के पास कुल मिलाकर 38 उच्च गुणवत्ता की फ्रैंचाइज़ी आधारित उत्पादन इकाइयाँ हैं। इन इकाइयों और विक्रेताओं–वितरकों के विशाल समूह के साथ कम्पनी सम्पूर्ण भारत में अपनी मज़बूत पकड़ बनाए हुए है।




श्री विपिन चौहान
**मैसर्स हरि ओम स्टील्स**
शिवालिक नगर, भेल
हरिद्वार, उत्तराखण्ड
दूरभाष– +91 983 710 6049,
+91 989 717 6217
तथा 01334– 230 452

श्री दिनेश गर्ग
**मैसर्स विशाल स्टील सेल्स**
130, इन्डस्ट्रियल एरिया,
फेज़ 1, पंचकुला
दूरभाष– +91 981 502 8585

Printed at Mehta Offset Works, A-16 (East), Naraina-II, New Delhi

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13-I.P.Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13- I.P.Extn., Delhi 110092, Tel: 011-22781140-41, 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com